आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 10.01.2025 समय: 2.10 PM

राष्ट्रपति- प्रवासी भारतीय सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भुबनेश्वर 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में भाग लेंगी। इस अवसर पर वे लगभग 75 देशों से बड़ी संख्या में आए प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगी। बुधवार से शुरू हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आज आखिरी दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मु विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी। यह पुरस्कार सऊदी अरब के जानेमाने भारतीय चिकित्सक डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद को दिया जाएगा। यह भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

कुंभवाणी रेडियो चैनल

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन वर्चुअली शामिल हुए। यह चैनल 103 दशमलव 5 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूजऑनएयर ऐप और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर सुना जा सकता है। आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने बताया कि आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल 26 फरवरी तक सुबह 5 बजकर 55 मिनट से रात 10 बजकर 05 मिनट तक महाकुंभ की हर गतिविधिओं पर आधारित कई कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने कुम्भ मंगल धुन भी जारी की

नि:शक्तजन विवाह योजना

मुख्यमंत्री नि:शक्तजन विवाह योजना के तहत राज्य शासन ने 2 लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिये है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि दिव्यांगों को विवाह करने के लिये विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विवाह करने वाले दम्पती में अगर एक व्यक्ति दिव्यांग होता है तो राज्य सरकार दो लाख रूपये तथा दम्पत्ति में दोनों दिव्यांग होते है तो एक लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है।

बिजली बिल डिजीलाकर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम तथा चंबल संभाग के 16 जिलों में उपभोक्ताओं को बिजली के बिल अब डिजिलॉकर के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डिजि लॉकर 'डिजिटल इंडिया के तहत भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। डिजि लॉकर उपभोक्ताओं को सार्वजनिक क्लॉउड पर सुरक्षित दस्तावेज़ एक्सेस प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है.

चायनीज मांझा

चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण संभावित दुर्घटना की आशंकाओं पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सतर्क करने के लिए प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको ने रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आग्रह किया है की ट्रांसमिशन लाइनों के पास पतंग नहीं उड़ायें। इसके अलावा पोस्टर बैनर एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से उन्हें सचेत एवं सतर्क किये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उज्जैन

में पुलिस भी अभियान चलाकर चाइनीज मांझे का उपयोग न करने की अपील कर रही है।

एशियन फिल्म महोत्सव

थर्ड आई एशियन फिल्म महोत्सव आज से मुंबई में शुरू हो रहा है। महोत्सव के उद्घाटन में चीन की फिल्म द ब्लैक डॉग का प्रदर्शन किया जाएगा।

एचआईएल - हॉकी

पुरुष हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिशा के राउरकेला में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। यह मैच रात आठ बजकर पंद्रह मिनट पर शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में...

1. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह शिवपुरी जिले के ग्राम बूढ़ाडोंगर में परिधान निर्माण एवं प्रशिक्षण केंद्र का कल शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि महिलाएं यहां पर प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनेंगी।

2. नर्मदापुरम जिले में 64 उपार्जन केंद्रों पर 10 हजार 927 किसानों से अब तक रिकॉर्ड 1 लाख 32 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी गई है।

3. बैतूल में नकली सोने बेचकर लोगों को ठगने वाले भोपाली निवासी तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।